Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 28-11-2006

Participants : Suman Shri Ramji Lal

an>

Title: Need to ensure that fertilizers are made available to Uttar Pradesh as per the quota earmarked for it.

श्री रामजीलाल सुमन (फ़िरोज़ाबाद): उपाध्यक्ष जी, रबी की फसल के समय उत्तर प्रदेश में उर्वरकों की कमी रही है, यूरिया डी.ए.पी. और फास्फोरस की कमी के चलते किसानों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामनाकरना पड़ रहा है। राज्य सरकार का प्रयास है कि किसानों को उर्वरक एवं उन्नतशील बीज उपलब्ध हों लेकिन समस्या है कि 4.09 लाख मिट्रिक टन कोटे के विपरीत उत्तर प्रदेश को अभी तक केवल 2.09 मिट्रिक टन ही डी.ए.पी. मिल पाई है, इसी तरह केन्द्र सरकार द्वारा यूरिया का भी कोटा उपलब्ध नहीं कराया गया है, जितनी उर्वरकों की आवश्यकता है उत्तर प्रदेश में, उतना उत्पादन नहीं होता। इसलिए राज्य सरकार को यूरिया और डी.ए.पी. गुजरात से मंगानी पड़ती है। लेकिन केन्द्र सरकार इसकी ढुलाई के लिए रेलवे का रैक तक उपलब्ध नहीं करा पाती है। यह अत्यधिक गंभीर मामला है। उत्तर प्रदेश के किसानों में उर्वरक न मिलने से अत्यधिक आक्रोश है। भारत सरकार और विशो रूप से रेल मंत्रालय अपने दायित्व का निर्वहन नहीं कर रहा है जिसकी वजह से उर्वरकों की किल्लत उत्तर प्रदेश को है।

मेरा सदन से आग्रह है कि उत्तर प्रदेश को केन्द्र से मिलने वाले उर्वरक कोटे के अनुरूप सप्लाई समय से सुनिश्चित करें और इस दिशा में केन्द्र सरकार को सार्थक पहल करनी चाहिए जिससे किसानों को होने वाली बर्बादी से बचाया जा सके।